# राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

**मिड–डे मील योजना**

(Mid Day Meal Scheme)

मध्याहन भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

**क्रमांकःएफ.4(220) प्रा.शि. / एमडीएम / दिशा–निर्देश / 2016 / 252 जयपुर, दिनांकः** 30.06.2025

**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**(मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा,**
**जिला समस्त।**

**विषयः–विद्यालयों में किचन / न्यूट्रीशन गार्डन विकसित किये जाने हेतु।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि राज्य में पीएम पोषण योजना के तहत कक्षा प्री–प्राईमरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। अधिकांश विद्यालयों में विकेन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा विद्यालयों में गर्म भोजन पकाकर उपलब्ध कराया जाता है।

विद्यार्थियों को उचित पोषण प्राप्त हो सके इसके लिए स्कूल शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विद्यालयों में न्यूट्रीशन गार्डन की स्थापना के संबंध में भी निर्देशित किया गया है, जिससे विद्यार्थी इस न्यूट्रीशन गार्डन में उत्पादित हरी पत्तेदार ताजा सब्जियों का पके हुए भोजन के माध्यम से सेवन कर सकें तथा उन्हें स्वयं के द्वारा उत्पादित सब्जियों / फलों से एक बेहतर जुडाव महसूस हो सके।

उक्त न्यूट्रीशन गार्डन की स्थापना में विभिन्न विभागों यथा उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र इत्यादि का भी सहयोग लिया जा सकता है। पंचायत स्तर पर कृषि पर्यवेक्षक पदस्थापित है तथा जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र भी कार्यरत है। स्कूल न्यूट्रीशन गार्डन की स्थापना में उनसे सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक सहयोग लिया जा सकता है।

अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है विद्यालयों में न्यूट्रीशन गार्डन आवश्यक रूप से स्थापित कराये जायें।

**(विश्व मोहन शर्मा)**
**आयुक्त,**
**मिड–डे मील**

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग, समस्त संभाग।
2. जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, जयपुर को न्यूट्रीशन गार्डन की स्थापना के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि WFP (वर्ल्ड फूड प्रोग्राम) एक एमओयू के तहत पूर्व में जयपुर जिले में न्यूट्रीशन गार्डन की स्थापना कर चुका है। उनसे सामंजस्य स्थापित कर वर्तमान सत्र में भी न्यूट्रीशन गार्डन स्थापित करवाया जाये।
3. क्षेत्रीय प्रतिनिधि, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम।

Signature valid

Digitally signed by Vishwa Mohan Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2025.06.30 17:30:37 IST
Reason: Approved

पता :– उपहार कॉम्पलेक्स भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम, जयपुर, सम्पर्क : 0141 – 2701960, 2701694 (टेली / फैक्स),
ई–मेल mdm-rj@nic.in./rajmdm@rediffmail.com